
उप कोषालय, नाथद्वारा
19 JUL 2021
जिला राजसमन्द (राज.)

राजस्थान







## जय क्षेत्रपाल भैरुधाम (शिशोदा)
## सार्वजनिक प्रन्यास

यह सार्वजनिक प्रन्यास विलेख आज दिनांक 04/08/2021 को स्थान बमुकाम उदयपुर में निम्न प्रकार से निष्पादित की गई है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. ट्रस्ट का नाम | : | जय क्षेत्रपाल भैरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास। |
| 2. ट्रस्ट का पंजीकृत कार्यालय | : | खेतपाल बावजी (जय भेरुनाथ) मंदिर परिसर शिशोदा कलां, तहसील–नाथद्वारा, जिला–राजसमंद (राज.)। |
| 3. ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र | : | ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र राजसमन्द जिला व सम्पूर्ण राजस्थान प्रदेश एवं सम्पूर्ण भारतवर्ष में होगा। |

फोटो कॉपी प्रमाणित
सब रजिस्ट्रार
नाथद्वारा (राज.)

जय क्षेत्रपाल भैरुधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास — अध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भैरुधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास — महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भैरुधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास — कोषाध्यक्ष

उप पंजीयक
जिला राजसमन्द

4. उद्देश्य :–

1. यह कि शिशोदा कलां में श्री खेतपाल बावजी (भेरूनाथ) का भव्य मंदिर प्राचीन काल से स्थित है जिसकी व्यवस्था, सूचारू संचालन एवं समस्त चल–अचल सम्पत्ति के व्यवस्थापन अर्थात मंदिर के समस्त प्रकार के प्रबन्धन करने के उद्देश्य से इस ट्रस्ट का गढ़न किया जा रहा है जिसमें निम्नलिखित कार्य सम्मीलित माने जायेंगे।
2. मंदिर का जिर्णोदार व संरक्षण का प्रमुख रुप से कार्य करना।
3. मंदिर की चल–अचल सम्पत्ति की देख–रेख एवं सुरक्षा व्यवस्था करना।
4. मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओ के बैठने, ठहरने, भोजन एवं चाय पानी की व्यवस्था करना।
5. मंदिर की सुचारू रुप से पूजा व भोग की व्यवस्था करना।
6. मंदिर मुर्ति (खेतपाल बावजी) के आशीर्वाद से त्यौहारों के अवसर पर भजन कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विशेष पूजा का आयोजन करना।
7. संतों–महात्माओं, मुनियों तथा विद्वानों के भाषण, कथा–कीर्तन आदि का प्रबंध करना एवं प्रवास व्यवस्था करना।
8. मंदिर में परम्परागत रुप से मनाए जाने वाले धार्मिक उत्सवों का आयोजन करना।
9. मंदिर में परिसरों में साफ–सफाई, रख–रखाव, वृक्षारोपण करना तथा पेयजल की व्यवस्था करना।
10. मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों के लिये ठहरने व दर्शन करने की व्यवस्था करना।
11. मंदिर के मेंलो में बाहर से आने वाले यात्रियों की भोजन पानी की व्यवस्था करना।
12. मंदिर के विकास के लिए भूमि आवंटन कराना व निर्माण कार्य करवाना एवं रख रखाव की व्यवस्था करना।
13. प्याऊ बनाना एवं संचालित करना।
14. धार्मिक अनुष्ठान एवं यज्ञ अनुष्ठान कराना।
15. वे सभी कार्य करना जो ट्रस्ट के उद्देश्य की पूर्ति हेतु आवश्यक व उचित हो।
16. श्री खेतपाल बावजी के मंदिर परिसर में नया निर्माण खेतपाल बावजी का आर्शीवाद लेकर बजट (कोटेसन) पास करके करवाना।

फोटो कॉपी प्रमाणित
उप रजिस्ट्रार
नाथद्वारा (राज)

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
अध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
कोषाध्यक्ष

उप पंजीयक
नाथद्वारा जिला–राजसमन्द

Scanned by CamScanner

17. गाँव विकास एवं जनसेवा जैसे सड़क, शमशान, स्कूल, होस्पीटल, वृद्धाश्रम, अनाथ आश्रम निर्माण एवं संचालन गॉव में पानी, कम्बल, मेडीकल, केंप, प्राकृतिक आपदा जैसे भूकम्प, बाढ़, अकाल, महामारी, आपदा प्रबन्धन एवं भारतवर्ष में आई किसी भी आपदा हेतु दान इत्यादी मंदिर मुर्ति (खेतपाल बावजी) के आर्शीवाद से मदद कर सकते है।

18. मंदिर परिसर में आचार–विचार और आचरण जैसे मांस–मदीरा का सेवन नहीं करना और न करने देना आचरण का बहुत सख्ती से पालन किया जाएगा, कोई ट्रस्टी या सदस्य ट्रस्ट के उद्‌देश्यों के विपरित एवं ट्रस्ट मण्डल की सलाह के विपरित कोई कार्य नहीं कर सकेगा, न ही ट्रस्ट के विरूद्ध किसी प्रकार की भ्रान्ति, अफवाह अथवा दुषप्रचार नहीं करेगा, पूर्ण रूप से मर्यादित व्यवहार करेगा एवं इस संबंध में ऐसे ट्रस्टी या सदस्य को इस संबंध में दो बार लिखित सूचना देने के बाद में अगर उसके व्यवहार में परिवर्तन नहीं होता है तो प्रन्यास की साधारण सभा में बहुमत के आधार पर लिये गये निर्णय से ऐसे ट्रस्टी/साधारण सदस्य को सदस्यता से तुरन्त बरखास्त कर दिया जायेगा एवं भविष्य में वह अपनी ट्रस्टी/सदस्य बनने की योग्यता खो देगा तथा न ही ट्रस्ट भविष्य में उसे ट्रस्टी/सदस्य बना सकेगा।

5. मंदिर की समग्र निधि (कॉर्पस फण्ड) जिसका व्यवस्थापन ट्रस्ट के द्वारा किया जायेगा :–

(1) राजस्व ग्राम शिशोदा कलां में एक खेतपाल बावजी देह के नाम से आराजी नं. 4212 (0.14 बीघा) भूमि दर्ज हैं जिसका वर्तमान बाजार मूल्य 1,87,864/– अक्षरे एक लाख सित्यासी हजार आठ सौ चौसठ रूपये हैं।

(2) मंदिर मूर्ति (खेतपाल बावजी) के पाट से प्राप्त नगद राशी 1,71,290/–अक्षरे एक लाख इकत्तर हजार दो सौ नब्बे रूपये हैं जिसे मंदिर विकास हेतु खर्च किया जा सकेगा।

(3) मंदिर मूर्ति (खेतपाल बावजी) के सोने के श्रृंगार के गहने एवं पूजा के बर्तन जिनका विवरण सलंग्न सूची में किया गया है जिनका कुल वजन 8833.500 ग्राम होकर सकल वजन 8713.840 ग्राम होकर वर्तमान मालियत 3,70,33,820/– अक्षरे तीन करोड़ सत्तर लाख आठ सौ बीस रूपये हैं जो कि केवल मात्र

फोटो कॉपी प्रमाणित
उप पंजीयक

जय क्षेत्रपाल मेरुधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
अध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल मेरुधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
मंत्री

जय क्षेत्रपाल मेरुधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
कोषाध्यक्ष

उप पंजीयक




Scanned by CamScanner

| अनु क्र. | पक्षकारों का नाम व पता | छायाचित्र | अंगूठा | पक्षकारों का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री/श्रीमती/सुश्री JAI SHETRAPAL BHERUDHAM THR SEC BHERULAL DHAKAD, पुत्र/पुत्री/पत्नि श्री SH MOHAN LAL JI DHAKAD, व्यवसाय Businessजाति 0-JAIN<br>House No.:101, Colony: VAKRATUND APARTMENT, Area: BAZARPETH, City: RAIGARH, Pin code: 400702, District: RAIGARH(MH), State: MAHARASHTRA |  |  | Executant<br>Age : 53<br>Signature : |
| 2 | श्री/श्रीमती/सुश्री JAI SHETRAPAL BHERUDHAM THR PRESIDENT RAMESH KUMAR DHAKAD, पुत्र/पुत्री/पत्नि श्री SH HAMERLAL JI DHAKAD, व्यवसाय Businessजाति 0-JAIN<br>House No.:8, Colony: CHOWPATTY SEA FACE, Area: GRAMT RPAD, City: MUMBAI, Pin code: 400007, District: MUMBAI, State: MAHARASHTRA |  |  | Executant<br>Age : 70<br>Signature : |
| 3 | श्री/श्रीमती/सुश्री JAI SHETRAPAL BHERUDHAM THR TRASER ARJUN LAL JAIN, पुत्र/पुत्री/पत्नि श्री SH SOHAN LAL JI JAIN, व्यवसाय Businessजाति 0-JAIN<br>House No.:60A 1, Colony: TAKALKAR BLDG, Area: NAIGAON, City: MUMBAI, Pin code: 400014, District: MUMBAI, State: MAHARASHTRA |  |  | Executant<br>Age : 59<br>Signature : |

ने लेख्यपत्र Declaration of Trust - where there is disposition of property,- where the trust is made for a religious or charitable purpose को पढ़ सुन व समझकर निष्पादन करना स्वीकार किया।

प्रतिफल राशि रु 40988474/- पूर्व में / मेरे समक्ष / में से रु 40988474/- पूर्व में ------------ ये मेरे समक्ष प्राप्त करना स्वीकार किया।

उक्त निष्पादन कर्ता की पहचान निम्न व्यक्तियों ने की है, जिनके हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान मेरे समक्ष लिए गए है।

| अनु क्र. | गवाहों का नाम व पता | छायाचित्र | अंगूठा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Name: श्री/श्रीमती/सुश्री LAXMI LAL JAIN, पुत्र/पुत्री/पत्नि श्री SH MOHAN LAL JI JAIN जाति JAIN<br>Age: 61<br>Add: House No.:603, Colony: SILVER LEAF, Area: KANDIWALI EAST, City: MUMBAI, Pin code: 400101, District: MUMBAI, State: MAHARASHTRA |  |  | Signature |
| 2 | Name: श्री/श्रीमती/सुश्री FATEHLAL JAIN, पुत्र/पुत्री/पत्नि श्री SH HEERA LAL JAIN जाति JAIN<br>Age: 68<br>Add: House No.:404, Colony: VEER GURUKRAPA, Area: KASTURBA ROAD, City: MUMBAI, Pin code: 400066, District: MUMBAI, State: MAHARASHTRA |  |  | Signature |

20210127100155‌8

फोटो कॉपी प्रमाणित

उप पंजीयक, NATHDWARA


Scanned by CamScanner

जायेंगे एवं कोषाध्यक्ष इसका हिसाब रखेगा व बैंक खुलवाकर बैंक में जमा करवाया जायेगा।

(2) ट्रस्ट में भेंट अन्य प्रकार से प्राप्त होने वाली समस्त चल–अचल सम्पत्ति तथा ट्रस्ट द्वारा क्रय की जाने वाली व निर्मित की जाने वाली समस्त सम्पत्तियां ट्रस्ट सम्पत्ति मानी जावेगी, ट्रस्ट फण्ड की आय हेतु ट्रस्ट फण्ड राशी का विनियोजन बैंक, एफ.डी. शेयर, म्यूचल फण्ड, सिक्योरिटीज (प्रतिभूति) में करके आय प्राप्त कर सकेंगे, उक्त आय में से साधारण सभा द्वारा निर्धारित वेतन से पूजारी, सूरक्षाकर्मी, सफाईकर्मी, प्रबन्धकर्मी एवं अन्य कार्मिकों व ऐजेन्सियों का भुगतान किया जावेगा।

7. वर्तमान में साधारण सभा की बैठक दिनांक 19/02/2021 को सम्पन्न हुई साधारण सभा द्वारा सर्वसहमति से निम्न पदाधिकारी चुने गये–

ट्रस्ट्रीयों के नाम व पता–

| क्रम सं. | नाम ट्रस्टी | पिता का नाम | उम्र | पूर्ण पता | पद | फोटोग्राफ्स |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रमेश कुमार धाकड़ | श्री हमेरलाल जी धाकड़ | 71 | फलेट नं. 08, बीच व्यु बिल्डिंग तृतीय तल, चोपाटी सी–फेस, मुम्बई–400007 | अध्यक्ष |  |
| 2. | श्री फतेहलाल धाकड़ | श्री हिरालाल जी धाकड़ | 71 | मकान नं 404, वीर गुरूकृपा, कस्तुरबा रोड–प्रथम, बोरिवली ईस्ट, मुम्बई–400066 | वरीष्ठ उपाध्यक्ष |  |
| 3. | श्री हरीसिंह चदाणा | श्री तेज सिंह जी चदाणा | 68 | होड़ा की भागल, सतलेवा, तह. नाथद्वारा, जिला राजसमंद (राज.) | वरीष्ठ उपाध्यक्ष द्वितीय |  |
| 4. | श्री नाथुलाल धाकड़ | श्री भीमराज जी | 80 | बी–24, जयदेव सी. एच.एस. सोसाईटी, प्रभात कॉलोनी, सेंताक्रुज ईस्ट, मुम्बई–400055 | उपाध्यक्ष |  |
| 5. | श्री चन्दन सिंह | श्री प्रताप सिंह जी | 45 | खरवड़ो की भागल, मोकेला, तह. | सह उपाध्यक्ष | |

फोटो कॉपी प्रमाणित
सब रजिस्ट्रार
नाथद्वारा (राज.)

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
अध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
कोषाध्यक्ष

उप पंजीयक



Scanned by CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | खरवड़ | | | नाथद्वारा, जिला राजसमंद(राज.) | |  |
| 6. | श्री भेरूलाल धाकड़ | श्री मोहन लाल जी | 53 | फ्लेट नं. 101, प्रथम तल, वक्रतुण्ड अपार्टमेन्ट, मोरा रोड़, सेंट मेरीज स्कुल के पास, ऊरण, नवीं मुम्बई–400702 | महामंत्री |  |
| 7. | श्री मीठा लाल धाकड़ | श्री देवी लाल जी | 58 | डी–502, पारितोष प्रीमियम पार्क, अगासी रोड़, विरार वेस्ट, मुम्बई–401303 | मंत्री |  |
| 8. | श्री शंकर सिंह परमार | श्री मन सिंह जी | 62 | परमारों की भागल, मोकेला, तह. नाथद्वारा, जिला राजसमन्द | मंत्री |  |
| 9. | श्री अर्जुन लाल धाकड़ | श्री सोहन लाल जी धाकड़ | 68 | 60/ए, टाकलकर बिल्डिंग, फ्लेट नं. 1, ऐसस वाग मार्ग, नाय गांव, दादर ईस्ट, मुम्बई–400014 | कोषाध्यक्ष |  |
| 10. | श्री भंवर लाल धाकड़ | श्री कस्तुर चन्द जी धाकड़ | 75 | शिशोदा कला, तह. नाथद्वारा, जिला राजसमंद(राज.) | सह कोषाध्यक्ष |  |
| 11. | श्री भगवान सिंह चदाणा | श्री किशन सिंह जी | 31 | भाणा की भागल, सतलेवा, तह. नाथद्वारा, जिला राजसमंद(राज.) | सह कोषाध्क्ष |  |
| 12. | श्री कैलाश जी | श्री हरक चन्द जी | 54 | ए/303, 304, मेघ अपार्टमेंट, एल.टी. रोड़ बोरिवली वेस्ट, मुम्बई–400092 | संगठन मंत्री |  |
| 13. | श्री लक्ष्मीलाल | श्री मोहन लाल जी | 61 | सी विंग, फ्लेट नं. 603, सिल्वर लीफ, | सह संगठन | |

फोटो कॉपी प्रमाणित
उप रजिस्ट्रार
नाथद्वारा (राज.)

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
अध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
कोषाध्यक्ष

उप पंजीयक



Scanned by CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | धाकड़ | | | अंकुरली रोड़, कांदिवली पूर्व मुम्बई, महाराष्ट्रा 400101 | मंत्री |  |
| 14. | श्री इन्दर सिंह पंवार | श्री विजय सिंह जी | 56 | गोड़ा रहट, सिसोदा खुर्द, तह. नाथद्वारा, जिला राजसमन्द(राज.) | सह संगठन मंत्री |  |
| 15. | श्री शंकर लाल धाकड़ | श्री मेघराज जी | 60 | 203, नारायण अपार्टमेन्ट, बैंक आफ महाराष्ट्र के सामने, डी वींग, द्वितीय तल, रायगढ़ (महाराष्ट्र) | प्रचार प्रसार मंत्री |  |
| 16. | श्री चन्द्र प्रकाश धाकड़ | श्री भुरालाल जी | 53 | 304, गोकुल टॉवर, तुलीज रोड़, विली बोड्र्स स्कूल, नाला सोपारा, ईस्ट थाणे, पिन–401209 | सह प्रचार प्रसार मंत्री |  |

8. संगठन एवं प्रबंध :– इस ट्रस्ट्री डीड में अंकित सभी ट्रस्ट्री अर्थात् ट्रस्ट मण्डल के प्रति उत्तरदायी होंगे और ट्रस्ट मण्डल को सर्वोच्य अधिकार प्राप्त होगा।

9. ट्रस्ट मण्डल :– वर्तमान में ट्रस्ट मण्डल में सोलह (16) ट्रस्टी नियुक्त है, ट्रस्ट मण्डल में ट्रस्टीयों की अधिकतम संख्या ईक्यासी (81) होगी एवं साधारण सभा बहुमत से ट्रस्टी की संख्या बढ़ा सकता है।

10. ट्रस्ट मण्डल एवं साधारण सभा बैठक :–

   1. ट्रस्ट मण्डल की वर्ष भर में दो बैठके कम से कम अनिवार्य होगी तथा साधारण सभा वर्ष भर में एक बैठक अनिवार्य होगी, आवश्यकता पड़ने पर सचिव द्वारा अध्यक्ष की राय से सात दिन की पूर्व सूचना पर कभी भी बैठक बुलाई जा सकती है।
   2. ट्रस्ट बैठक में कोरम के कुल सदस्यों का 1/3 तथा साधारण सभा की बैठक का कोरम में 1/3 सदस्यों का होना आवश्यक है।
   3. बैठक की सूचना 7 दिवस पूर्व व अतिआवश्यक बैठक की सूचना 3 दिवस पूर्व दी जानी आवश्यक होगी।

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
अध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्या
कोषाध्यक्ष

उप पंजीयक
नाथद्वारा जिला-राजसमन्द



Scanned by CamScanner

4. कोरम के अभाव में बैठक स्थिगित की जावेगी जो कि पुनः आधे घण्टे के पश्चात् निर्धारित स्थान व समय पर की जा सकेगी।
5. प्रत्येक बैठक की कार्यवाही विवरण रजिस्टर में दर्ज किया जावेगा।
6. सभी प्रकार की बैठकें फिजीकल एवं वरर्चुअल दोनों तरिकों से बुलाई एवं आयोजित की जा सकेगी, फिजीकल मीटिंग का समय व स्थान तथा वरर्चुअल मीटिंग का प्लेटफॉम अध्यक्ष द्वारा तय किया जायेगा जो सभी को मान्य होगा।

11. ट्रस्ट मण्डल के अधिकार एवं कर्तव्य :–

1. ट्रस्ट मण्डल इस ट्रस्ट के विकास हेतु सुचारू रुप से चलाने हेतु व उद्देश्यों की पूर्ति हेतु आवश्यक वे सभी कार्य करेंगे जो आवश्यक प्रतीत होते है।
2. ट्रस्ट मण्डल के लिये व्यवस्थापन के लिये किसी भी व्यक्ति को वैतनिक या अवैतनिक नौकरी पर रख सकेंगे अथवा निकाल सकेंगे।
3. ट्रस्ट मण्डल के सूचारू संचालन हेतु कार्यकारिणी, नियमावली एवं साधारण उपबन्द्ध बना सकेगी।
4. कार्यकारिणी मंदिर हित में बावजी के आशिर्वाद से ट्रस्ट की चल या स्थायी सम्पत्ति को ट्रस्ट हित में क्रय/विक्रय को अधिकार होगा जो कि बैठक में बहुमत से प्रस्ताव पास करके किया जावेगा।
5. ट्रस्ट मण्डल के बहुमत के आधार पर ट्रस्ट संचालन हेतु आवश्यक समिति, उपसमिति का गठन कर सकेंगे, ट्रस्ट में भेंट या अन्य प्रकार से प्राप्त होने वाली समस्त चल–अचल सम्पत्ति तथा ट्रस्ट द्वारा क्रय की जाने वाली व निर्मित की जाने वाली समस्त सम्पत्तियां ट्रस्ट सम्पत्ति मानी जावेगी, ट्रस्ट फण्ड की आय हेतु ट्रस्ट की फण्ड राशी का विनियोजन बैंक, एफ.डी., शेयर, म्यूचल फण्ड सिक्योरिटी (प्रतिभूति) में करके आय प्राप्त कर सकेंगे।
6. ट्रस्ट मण्डल इस ट्रस्ट का हिसाब किताब आय–व्यय सम्पत्ति एवं दायित्वों का आदि का पूरा–पूरा लेखा–जोखा रखेंगे एवं किसी चार्टड अकाउटेन्ट द्वारा प्रतिवर्ष इसका अंकेक्षण कराये कोई भी प्रन्यासी इस ट्रस्ट का हिसाब–किताब आय–व्यय सम्पत्ति दायित्वों, दस्तावेजों आदि का देख सकेंगे।
7. यह कि कोई भी कार्यकारिणी सदस्य अथवा ट्रस्टी सदस्य ट्रस्ट से किसी प्रकार का व्यक्तिगत लाभ अथवा आय, वेतन इत्यादि अर्जित नही कर सकेगा।

फोटो कॉपी प्रमाणित
उप रजिस्ट्रार
नाथद्वारा (राज.)

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
कोषाध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
अध्यक्ष

उप पंजीयक
नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द



Scanned by CamScanner

12. ट्रस्ट मण्डल के अधिकारियों का अधिकार :–

**अध्यक्ष के अधिकार :–**

1. बैठक की अध्यक्षता करना।
2. किसी प्रश्न के पक्ष–विपक्ष या चुनाव बराबर कोरम होने पर निर्णायक निर्णय देना।
3. ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व करना, ट्रस्ट की ओर से कानूनी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना एवं अध्यक्ष अपनी ओर से अधिकृत प्रतिनिधि भी नियुक्त कर सकेगा।
4. वैतनिक कर्मचारियों पर नियत्रंण करना, उसके वैतन व यात्रा का बिल पास करना।
5. सम्पत्ति की सुरक्षा एवं वैधानिक अन्य कार्य जो आवश्यक हो करना।
6. पत्र व्यवहार करना।
7. आय–व्यय पर नियत्रंण करना।
8. फिजीकल एवं वरचुअल बैठक आहुत करना तथा उनका समय स्थान व प्लेटफार्म निर्धारित करना।
9. भेंट, शुल्क व अनुदान प्राप्त कर रसीद देना।

**उपाध्यक्ष :–**

अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष को प्राप्त समस्त अधिकार एवं कर्तव्यों का निर्वहन करना, अध्यक्ष के आदेशानुसार अध्यक्ष पद के सभी कार्य करना।

**महामंत्री :–**

1. बैठके आहुत करना।
2. कार्यवाही लिखना तथा रिकार्ड रखना।
3. वैतनिक अवैतनिक कर्मचारियों को वैतन, बिल, यात्रा बिल पास करना।
4. कानूनी दस्तावेजों पर अध्यक्ष के साथ हस्ताक्षर करना।
5. बजट बनवा कर पास करना।
6. चंदा शुल्क व अनुदान प्राप्त कर रसीद देना।
7. ट्रस्ट की समस्त चल सम्पदा की व्यवस्था करना।
8. ट्रस्ट के समस्त रिकार्ड अपने पास रख सकेंगे।
9. ट्रस्ट में आने जाने वाले पत्र व्यवहार की व्यवस्था का दायित्व भी रखेगा।
10. ट्रस्ट बैठक सूचना जारी करेना एवं बैठक की व्यवस्था कर बैठक सम्पन्न कराना।

फोटो कापी प्रमाणित
सब रजिस्ट्रार
नाथद्वारा (राज.)

सब रजिस्ट्रार नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द

जय क्षेत्रपाल भैरुधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
अध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भैरुधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भैरुधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
कोषाध्यक्ष

उप पंजीयक
नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द

11. ट्रस्ट की बैठक हेतु एक रजिस्टर में बैठक की कार्यवाही लिखना, पूर्व की बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन कराना एवं सभी उपस्थित पदाधिकारीयों के हस्ताक्षर कराना।

12. ट्रस्ट के उद्देश्यों को अधिक से अधिक प्रचारित करना।

सब रजिस्ट्रार नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द

**कोषाध्यक्ष :–**

1. वार्षिक लेखा–जोखा तैयार करना।
2. दैनिक लेखों पर नियत्रंण करना।
3. भेंट, शुल्क, अनुदान प्राप्त कर रसीद जारी करना।
4. अन्य प्रदत्त कार्य करना।
5. आगामी वर्ष का बजट तैयार करना व पारित करवाना।
6. वर्ष में एक बार आय–व्यय का ऑडिट करना।
7. बैंक से राशी जमा करवाना व राशी निकलवाना।
8. आय–व्यय के बिल व बाउचर पर अध्यक्ष व सचिव के हस्ताक्षर करना।

**मंत्री :–**

महामंत्री के कार्यों में मदद करना व महामंत्री के निर्देशानुसार कार्य करना।

13. ट्रस्ट के पदाधिकारियों के चुनाव :–

ट्रस्ट के पदाधिकारियों के कार्यकाल आजीवन होगा तथा इससे पूर्व स्वेच्छिक त्यागपत्र, मानसिक, दिवालियापन, शारीरिक असक्षमता एवं मृत्यु होने पर कार्यकाल स्वतः समाप्त हो जायेगा, इसके पश्चात् पुनः निये पदाधिकारियों का चयन साधारण सभा द्वारा मतदान से प्राप्त बहुमत या सर्वसहमति से किया जावेगा।

14. नवीन ट्रस्टी की नियुक्ति :–

साधारण सभा द्वारा सर्वसहमति से या बहुमत से नवीन ट्रस्टी का चयन किया जाना।

15. संशोधन :–

इस ट्रस्ट विलेख में अंकित किसी भी नियम, उपनियम में संशोधन या नया प्रावधाना साधारण सभा के बहुमत के आधार पर किया जावेगा।

16. बैंक खाता :–

ट्रस्ट की आय एवं विनियोजन के संबंध में प्रन्यास मण्डल किसी भी राष्ट्रकृत अथवा प्राईवेट बैंक में खाता खुलवा सकेगा, जिसका संचालन अध्यक्ष एवं महामंत्री अथवा कोषाध्यक्ष में से किन्ही एक के हस्ताक्षर से किया जा सकेगा अर्थात अध्यक्ष के हस्ताक्षर आवश्यक रूप से संचालन हेतु वान्छित होगें एवं

छाया कोपी प्रमाणित
सब रजिस्ट्रार
नाथद्वारा (राज.)

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
अध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
कोषाध्यक्ष

उप पंजीयक
नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द



Scanned by CamScanner

महामंत्री अथवा कोषाध्यक्ष दोनों में से कोई भी एक जो उपलब्ध हो हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत होगा।

17. ट्रस्ट का अंकेक्षण (ऑडिट):–

ट्रस्ट के समस्त लेखा–जोखा रिकार्ड रखा जावेगा तथा उनका वार्षिक ऑडिट लेखापाल (चार्टेड अकाउटेंट) से करवाया जावेगा, जिसका वित्तीय वर्ष 1 अप्रेल से 31 मार्च होगा।

18. समापन :–

यदि किसी कारणवश इस ट्रस्ट का संचालन सुचारू रुप से नहीं हो पाने अथवा किसी कारण से ट्रस्ट को बंद अथवा विघटित करना पड़े तो ट्रस्ट की समस्त चल–अचल सम्पत्ति समान उद्देश्यों वाले किसी भी ट्रस्ट में उक्त ट्रस्ट को प्रन्यास मण्डल की अनुमति से समायोजन किया जा सकेगा।

19. सम्पत्ति :–

चल सम्पत्ति में प्रन्यास के पास 1,71,290/– अक्षरे एक लाख इकत्तर हजार दो सौ नब्बे रुपये नगद मंदिर मूर्ति (खेतपाल बावजी) के पाट से प्राप्त हुए हैं अचल सम्पत्ति के रुप में प्रन्यास के पास ग्राम शिशोदा कलां में एक खेतपाल बावजी देह के नाम से आराजी नं. 4212 (0.14 बीघा) भूमि दर्ज हैं, इसके अतिरिक्त चल अचल सम्पत्ति के संबंधित दस्तावेज एवं सूचियाँ ट्रस्ट डीड के साथ सलंग्न है।

20. अप्रतिसंहरणीय :–

यह ट्रस्ट डीड सदैव अप्रतिसंहरणीय होगी जिसे किसी प्रकार से रिवॉक नही किया जा सकेगा।

21. विशेष उपबंध :–

(1) यह कि ट्रस्ट उसके किसी भी उद्देश्य अथवा उद्देश्यों की पूर्ति के क्रम में किये जाने वाले किसी भी कार्य हेतु किसी भी लाभार्थी से किसी प्रकार की कोई फीस, टोकन राशी नही प्राप्त कर सकेगा न ही लाभार्थीयों से किसी प्रकार से कोई लाभ अथवा आय ही अर्जित कर सकेगा।

(2) यह कि ट्रस्ट किसी भी व्यक्ति फर्म, कम्पनी अथवा कोई भी व्यापारिक इकाई का प्रायोजक के तौर पर किसी प्रकार का कोई विज्ञापन अथवा व्यापारिक प्रोत्साहन नही कर सकेगा।

उपरोक्त लिखित नियम, उपनियमों को पढ़कर सोच–समझ कर स्वस्थचित मन से स्वतंत्र सहममि द्वारा इसे स्वीकार करते हुए हस्ताक्षर करते है इस ट्रस्ट डीड के साथ सभी ट्रस्टीयों के मय नाम पते पद एवं फोटो के साथ एक सूची अर्न्तवलित है।

फोटो कॉपी प्रमाणित
उप रजिस्ट्रार

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
कोषाध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
अध्यक्ष

उप पंजीयक
जिला-राजसमन्द



Scanned by CamScanner

सदस्यता :– निम्न पात्रता रखने वाले व्यक्ति ही ट्रस्ट के सदस्य बन सकते है–

1. भारतवर्ष का निवासी हो।
2. जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण करनी हो/बालिग हो।
3. पागल व दिवालिया व गम्भीर आपराधिक किस्म का व्यक्ति न हो।
4. ट्रस्ट के उद्देश्यों, हितों में रुचि व आस्था रखता हो।

सब रजिस्ट्रार
नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द

ट्रस्टी की अयोग्यता :–

1. सदस्य या ट्रस्टी की मृत्यु होने पर।
2. सदस्यता के त्यागपत्र देने पर।
3. ट्रस्ट के उद्देश्यों के विपरीत कार्य करने पर।
4. सदस्य नैतिक अपराध से दण्डित हो जाने पर।

**सदस्यों का वर्गीकरण :–**

1. **स्थाई सदस्य** – ट्रस्ट के उक्त वर्णित सोलह पदाधिकारी जब तक कोई अयोग्यता धारण न करले, आजीवन ट्रस्ट के ट्रस्टी रहेंगे।
2. **साधारण सदस्य** – ट्रस्ट की साधारण सभा में कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से अन्य साधारण सदस्य मानोनित किये गये है, जिनकी सूची इस ट्रस्ट डीड के साथ संलग्न है, साधारण सदस्यों को ट्रस्ट की बैठक में भाग लेने का अधिकार होगा और ट्रस्ट के पदाधिकारी/ट्रस्टी का पद रिक्त होने पर साधारण सभा बहुमत के आधार पर साधारण सदस्यों में से किसी भी सदस्य को ट्रस्ट का पदाधिकारी/ट्रस्टी नियुक्त किया जा सकेगा, ट्रस्ट के सुचारू रुप से संचालन हेतु गठित समिति, उपसमिति में ट्रस्ट मण्डल द्वारा बहुमत के आधार पर साधारण सदस्यों में से किसी सदस्य की नियुक्ति की जा सकेगी, साधारण सदस्यों की नियुक्ति में इस बात को प्राथमिकता दी जायेगी कि ऐसे सदस्य अथवा उनके पूर्वज मूल रूप से ग्राम शिशोदा कला, सतलेवा, मोकेला, घोड़ारहट, उपली भागल, खरवड़ो की भागल, हमावतों की भागल के निवासी हो।

लिहाजा यह ट्रस्ट विलेख सभी ट्रस्ट्रीगण के द्वारा सोच समझकर, पढ़ सुनकर, बिना किसी नशे पते व बिना किसी दबाव के, स्थिर व स्वस्थचित्त की हालत में, स्वेच्छा से, निम्न दो साक्षियों की मौजूदगी में ट्रस्ट निर्मित कर निष्पादित कर दिया है, जो सही सनद् रहे तथा वक्त जरूरत काम आवें।

फोटो कॉपी प्रमाणित
सब रजिस्ट्रार

स्थान : नाथद्वारा
दिनांक : 04/08/2021

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
अध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक
कोषा

उप पंजीयक
नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द



Scanned by CamScanner



गवाह– 1.

हस्ताक्षर –

नाम– फतेहलाल धाकड़

पिता का नाम– श्री हीरालाल जी धाकड़

पता– मकान नं 404, वीर गुरूकृपा, कस्तुरबा रोड–प्रथम, बोरिवली ईस्ट, मुम्बई–400066



गवाह– 2.

हस्ताक्षर – Laxmilal Jain

नाम– लक्ष्मीलाल धाकड़

पिता का नाम– श्री मोहनलाल जी धाकड़

पता– सी विंग, फ्लेट नं. 603, सिल्वर लीफ, अंकुरली रोड़, कांदिवली पूर्व मुम्बई, महाराष्ट्रा 400101

स्थान : नाथद्वारा।

दिनांक : 04/08/2021

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
अध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भेरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
कोषाध्यक्ष

फोटो कॉपी प्रमाणित
उप रजिस्ट्रार
नाथद्वारा (राज.)

उप पंजीयक
नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द

**जय क्षेत्रपाल भैरूधाम (शिशोदा)**
सार्वजनिक प्रन्यास

मंदिर मूर्ति (खेतपाल बावजी) के चाँदी के श्रृंगार के गहनें एवं पूजा सामग्री के बर्तन की सूची

| क्रम सं. | विवरण | धातु का प्रकार | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | छत्तर | चाँदी | 585 नग |
| 2 | माला | चाँदी | 17 नग |
| 3 | पाट | चाँदी | 01 नग |
| 4 | आरती | चाँदी | 02 नग |
| 5 | कलश | चाँदी | 01 नग |
| 6 | चुपाना / धुपाना | चाँदी | 04 नग |
| 7 | भगोना | चाँदी | 1 नग |
| 8 | घोड़ा | चाँदी | 03 नग |
| 9 | भाला | चाँदी | 01 नग |
| 10 | समाई | चाँदी | 05 नग |
| 11 | गिलास | चाँदी | 03 नग |
| 12 | नाग | चाँदी | 1 नग |
| 13 | चँवर | चाँदी | 04 नग |
| **कुल वजन 117.500 किलोग्राम सकल वजन 117.500 किलोग्राम** | | | |

नोट– उक्त सभी गहनों एवं पूजा सामग्रीयों की वर्तमान कीमत अनुमोदित एवं पंजीकृत वेल्युअर के द्वारा प्राप्त वेल्युवेशन के अनुसार 35,95,500/– अक्षरे पैंतीस लाख पिच्यानवें हजार पांच सौ रूपये होकर इनका उपयोग केवल मात्र मंदिर मूर्ति (खेतपाल बावजी) के श्रृंगार एवं पूजा हेतु ही किया जा सकेगा।

फोटो कॉपी प्रमाणित

स्थान–नाथद्वारा।

दिनांक–04/08/2021

जय क्षेत्रपाल भैरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
कोषाध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भैरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भैरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
Rampruwa
अध्यक्ष

उप पंजीयक
नाथद्वारा, जिला–राजसमन्द

खेतपाल बावजी (जय भैरूनाथ) मंदिर परिसर, शिशोदा कलां, तहसील–नाथद्वारा,

Scanned by CamScanner

**जय क्षेत्रपाल भैरूधाम (शिशोदा)**
सार्वजनिक प्रन्यास

मंदिर मूर्ति (खेतपाल बावजी) के हेम/सोने के श्रृंगार के गहनें एवं पूजा सामग्री के बर्तन की सूची

| क्रम सं. | विवरण | धातु का प्रकार | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | छत्तर | हेम | 32 नग |
| 2 | माला | हेम | 08 नग |
| 3 | पाट | हेम | 01 नग |
| 4 | मुकुट | हेम | 01 नग |
| 5 | आरती | हेम | 01 नग |
| **कुल वजन 8833.500 ग्राम सकल वजन 8713.840 ग्राम** | | | |

नोट– उक्त सभी गहनों एवं पूजा सामग्रीयों की वर्तमान कीमत अनुमोदित एवं पंजीकृत वेल्युअर के द्वारा प्राप्त वेल्युवेशन के अनुसार 3,70,33,820/– अक्षरे तीन करोड़ सित्तर लाख तैंतीस हजार आठ सौ बीस रूपये होकर इनका उपयोग केवल मात्र मंदिर मूर्ति (खेतपाल बावजी) के श्रृंगार एवं पूजा हेतु ही किया जा सकेगा।

फोटो कॉपी प्रमाणित
उप रजिस्ट्रार
नाथद्वारा

स्थान–नाथद्वारा।

दिनांक–04/08/2021

जय क्षेत्रपाल भैरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
अध्यक्ष

जय क्षेत्रपाल भैरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
महामंत्री

जय क्षेत्रपाल भैरूधाम (शिशोदा) सार्वजनिक प्रन्यास
कोषाध्यक्ष

उप पंजीयक
नाथद्वारा, जिला–राजसमन्द

खेतपाल बावजी (जय भेरुनाथ) मंदिर परिसर, शिशोदा कलां, तहसील–नाथाद्वारा,

Scanned by CamScanner